लोक सभा सचिवालय के कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर, 2014 : लोक सभा के महासचिव, श्री पी. के. ग्रोवर ने आज संसदीय ज्ञानपीठ के जी. एम. सी. बालयोगी सभागार में आयोजित एक समारोह में लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन द्वारा सचिवालय को कागजरहित कार्यालय बनाये जाने के लिए दिए गए निदेश को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता की शपथ सभागार में लगी स्क्रीन पर दिखाई गई।इस शपथ की प्रतियां परिचालित नहीं की गई और सभी उपस्थित व्यक्तियों ने शपथ स्क्रीन से ही पढ़ी। तत्पश्चात, महासचिव, अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों ने गांधी जयंती के अवसर पर माननीय प्रधान मंत्री द्वारा आरम्भ किये गए स्वच्छ भारत अभियान के भाग के रूप में संसद भवन परिसर में स्वच्छता अभियान में भाग लिया।